**First Semester Examination : OCTOBER - 2019**

**HINDI (Composite)**

**Std. IX**

Time : 2 Hours — Max. Marks : 40


# विभाग 1 : गदय

**प्र.1.(अ)परिच्छेद पढ़कर दी गई सूचना के अनुसार कृतियाँ पूर्ण कीजिए.(6)**

कॉर्निवाल के मैदान में बिजली जगमगा रही थी। हँसी और विनोद का कलनाद गूँज रहा था। मैं खड़ा था। उस छोटे फुहारे के पास, जहाँ एक लड़का चुपचाप देख रहा था। उसके गले में फटे कुरते के ऊपर से एक मोटी-सी सूत की रस्सी पड़ी थी और जेब में कुछ ताश के पत्ते थे। उसके मुँह पर गंभीर विषाद के साथ धैर्य की रेखा थी। मैं उसकी ओर न जाने क्यों आकर्षित हुआ। उसके अभाव में भी संपूर्णता थी। मैंने पूछा - "क्यों जी, तुमने इसमें क्या देखा?"

'मैंने सब देखा है। यहाँ चुड़ी फेंकते हैं। खिलौनों पर निशाना लगाते हैं। तीर से नंबर छेदते हैं। मुझे तो खिलौनों पर निशाना लगाना अच्छा मालूम हुआ। जादूगर तो बिलकुल निकम्मा है। उससे अच्छा तो ताश का खेल मैं ही दिखा सकता हूँ, टिकट लगता है।

(1) संजाल पूर्ण किजिए : (2)




(2) विलोम शब्द लिखिए। (1)

(i) लड़का (ii) गम

(3) परिच्छेद में प्रयुक्त विशेषण दूढ़कर लिखिए। (1)

(4) 'जादू के खेल' विषयपर अपने विचार लिखिए। (2)


**प्र.1.(आ)परिच्छेद पढ़कर दी गई सूचना के अनुसार कृतियाँ पूर्ण कीजिए.(6)**

आँख लगते ही मैं सपना देखने लगा कि मैदान में तेजी से दौड़ रहा हूँ, कुत्ते भौंक रहे हैं, गायें रँभा रही हैं, मुर्गे बाँग दे रहे हैं। अचानक एक विलायती किस्म का कुत्ता मेरे दाहिने पैर से लिपट गया। मैंने पाँव को जोरों से झटका कि आँख खुल गई। देखता क्या हूँ कि मैं फर्श पर पड़ा हूँ। टेबल मेरे ऊपर है और सारा परिवार चीख-चीखकर मुझे टेबल के नीचे से निकाल रहा है। खैर, किसी तरह लँगडाता हुआ चारपाई पर गया कि याद आया, मुझे तो व्यायाम करना है। मन ने कहा - 'व्यायाम करने वालों के लिए गहरी नींद बहुत जरूरी है। तुम्हें चोट भी काफी आ गई है। सो जाओ।'

मैंने कहा - 'लेकिन शायद दूर बाग में चिड़ियों ने चहचहाना शुरू कर दिया है।' मन ने समझाया - 'ये चिड़ियाँ नहीं, बहालवाले कमरे में तुम्हारी पत्नी की चूड़ियाँ बोल रही हैं। उन्होंने करवट बदली होगी।'

Scanned by CamScanner

(1) संजाल पूर्ण किजिए ः (2)




(2) निम्नलिखित शब्दों के लिंग पहचानकर लिखिए। (1)

(i) चारपाई (ii) फर्श

(3) निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर लिखिए। (1)

(i) सपना (ii) गायें


(4) 'मन की एकागता' के लिए आप क्या करते हैं लिखिए। (2)

# विभाग 2 : पदय

**प्र.2. (अ) निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए (4)**

किताबें कुछ कहना चाहती हैं
तुम्हार पास रहना चाहती हैं
किताबों में चिड़ियाँ चहचहाती हैं
किताबों में खेतियाँ लहलहाती हैं
किताबों में झरने गुनगुनाते हैं
परियों के किस्से सुनातते हैं
किताबों में रॉकेट का राज है
किताबों में साइंस की आवाज है
किताबों का कितना बड़ा संसार है
किताबों में ज्ञान की भरमार है।
क्या तुम इस संसार में ?
नहीं जाना चाहोगे
किताबें कुछ कहना चाहती हैं
तुम्हाते पास रहना चाहती हैं।

(1) संजाल पूर्ण किजिए ः (2)




(2) 'ग्रंथ हमारे गुरू' इस विषय के संदर्भ में स्वमत बताइए। (2)

Scanned by CamScanner

**प्र.2. (आ) निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए (4)**

उजालों की आस तो जायज है,
पर अँधेरों को अपनाओ तो एक बार |
बिन पानी के बंजर जमीन पे,
बरसाओ मेहनत की बूँदों की फुहार ||
जिंदगी की बड़ी जरूरत है हार...!
जीत का आनंद भी तभी होगा,
जब हार की पीड़ा सही हो अपार |
आँसू के बाद बिखरती मुस्कान,
और पतझड़ के बाद मजा देती है बहार ||
जिंदगी की बड़ी जरूरत है हार...!

(1) सही विकल्प चुनकर वाक्य फिरसे लिखिए (2)

(i) कवि ने इसे अपनाने के लिए कहा है -- *(उजाला , अधेरा , सबेरा)*

(ii) पतझड़ के बाद मजा देती है -- *(मुस्कान , पीड़ा , बहार)*

(2) 'जिंदगी की बड़ी जरूरत है हार' इस विषय पर अपने विचार लिखिए। (2)

# विभाग 3 : व्याकरण

**प्र.3. निम्नलिखित सूचना के अनुसार कृतियाँ कीजिए (8)**

(1) वर्तनी के मनक नियमों के अनुसार लिखिए ः (1)

(i) देशभषि (ii) विद्यार्थी

(2) निम्नलिखित अव्यय का अर्थपूर्ण वाक्य में प्रयोग कीजिए। (1)

और

(3) निम्नलिख़ित संधि भेद के एक एक उदाहरण लिखिए। (1)

(i) स्वर संधि (ii) व्यंजन संधि

(4) मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए । (1)

सिहर उठना

(5) काल के भेद लिखिए। (2)

(i) उषा बहुत तेज दौड़ती है। ( काल पहचानिए)

(ii) पुराने जमाने में मेरा रतना नाम नही था। (पूर्ण वर्तमान काल)

(6) रचना के अनुसार वाक्य के भेद पहचानिए। (2)

(i) परोपकार और दूसरे का मान रखना तो मानो मेरा कर्तव्य ही है।

(ii) जिसेद युक्ति नहीं सुझती उसे युक्ति सुझाता हूँ।

Scanned by CamScanner

# विभाग 4 : उपयोजित लेखन

**प्र.4. (अ)1. सूचना के अनुसार कोई एक पत्र का प्रारूप तैयात कीजिए। (4)**

**प्रगति बुक सेंटर**, पुणे-411003

हिंदी की पुस्तकें तथा संदर्भ ग्रंथ

**50%** में उपलब्ध

- प्रेमचंद की प्रसिद्ध कहानियाँ
- हिंदी-अंग्रजी शब्दकोश
- हिंदी व्याकरण
- हिंदी - कविताएँ

उपर्युक्त विज्ञापन पढ़कर मुंबई से रविना / रमेश सावंत विविध पुस्तकों की माँग करते हुए पत्र लिखती / लिखता है।

अथवा

उपर्युक्त विज्ञापन पढ़कर प्रगति बुक सेंटर के व्यवस्थापक को अच्छे कार्य करने के लिए पत्र लिखिए।

**प्र.4. (अ)2. सूचना के अनुसार कोई एक कृती कीजिए। (4)**

- निम्नलिखित मुद्दों के आधार पर कहानी लिखिए तथा उसे उचित शीर्षक दीजिए ः

एक लालची आदमी -- कडी तपस्या करना -- देवता का प्रसन्न होना -- वरदान -- दौडकर जितनी जमीन घेरोंगे , उतनी तुम्हारी -- दौडते रहना -- थक कर गिरना -- मृत्यू -- सीख।

अथवा

- निम्नलिखित अपठित परिच्छेद पर आकलन हेतु ऐसे चार प्रश्न तयार कीजिए जिनके उत्तर एक - एक वाक्य में आए।

मनुष्य सुख के पीछे लगा रहता है। सुख पाने की खुश बनने की वह जीवनभर कोशिश करता रहता है। जीवन में आवश्यकताओं की पूर्ति के बाद उसे सुख मिलता है। उत्सव के दिनों में भी उसे सुख मिलता है। जीवन में आवश्यकताओं का ताता लगा रहता है। एक की पूर्ति के बाद दूसरी सामने आती है। एसलिए पुर्ति के बाद मिलने वाला सूख अधिक समय तक नहीं रहता।

उत्सव में हम किसी आवश्यकता का अनुभव नहीं करते। हम सारे काम काज छोड़ बैठते हैं। खुशियाँ मनाते हैं, मेहमानों से मिलते हैं, खाते हैं, खाते हैं, खिलाते हैं। अपनी चिंताएँ भूल जाते हैं।

**प्र.4. (आ) निम्नलिखित में से किसी एक विषयपर लगभग 60 से 70 शब्दों में निबंध लेखन किजिए ः (4)**

(i) यदि किताबें न होती ... (ii) सेल्फी सही या गलत

Scanned by CamScanner